डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एएस गंगवार 'एक्जम्पलरी लीडर आफ द ईयर 2022 अवार्ड' से सम्मानित

चर्चा में क्यों?

हाल ही में दिल्ली पब्लिक स्कूल (DPS) बोकारो के प्राचार्य एएस गंगवार को विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटिलीकरण, नवोन्मेषता व शिक्षकों में नेतृत्व-क्षमता के विकास के लिये 'एक्जम्पलरी लीडर आफ द ईयर 2022 अवार्ड'से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित एशिया पैसिफिक एजुकेशन समिट एंड अवार्ड्स 2022 के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने गंगवार को यह अवार्ड प्रदान किया।
- बैंकाक के प्रातुनम बर्कले होटल में ग्लोबल ह्यूमन राइट्स काउंसिल, सीईडी (सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन), एशिया पैसिफिक चैंबर आफ कॉमर्स और एशिया-अफ्रीका डेवलपमेंट काउंसिल की ओर से आयोजित उक्त शैक्षणिक शिखर सम्मेलन के दौरान गंगवार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से भी नवाज़ा गया।
- शिक्षा के क्षेत्र में विगत तीन दशक से भी अधिक समय तक उनके उल्लेखनीय अवदान के लिये यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।
- गंगवार यह अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले झारखंड से एकमात्र प्राचार्य थे। डीपीएस बोकारो से अब तक लगभग 50 शिक्षक प्राचार्य के रूप में नेतृत्वकर्त्ता बनकर उभर चुके हैं।
- विद्यालय में ई-लाइब्रेरी, लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, प्रत्येक कक्षा में स्मार्ट बोर्ड सहित डिजिटिलीकरण आधारित अन्य उच्च तकनीकी संसाधनों की व्यवस्था के साथ-साथ नवाचार में वर्चुअल रियलिटी लैब, कॉमर्स लैब के अलावा बच्चों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने के भी नवोन्मेषी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं।
- प्राचार्य के थाईलैंड से बोकारो लौटने पर 20 दिसंबर को विशेष असेंबली में उनकी उपलब्धियों की घोषणा हुई।
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में गंगवार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मॉरीशस में 'एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड 2022' से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व श्रीलंका में उन्होंने डीपीएस बोकारो की ओर से इंटरनेशनल एजुकेशन एक्सीलेंट अवार्ड भी प्राप्त किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exemplary-leadership-award-2022